# झंडा हनुमान का | by Sonu Singla

संकट काटे पल भर में ये भक्तों सारे जहान का
झंडा हनुमान का सालासर धाम का

बालाजी की लाल ध्वजा की महिमा अपरम्पार है
इस झंडे को जो भी थामे मिलता इनका प्यार है
नाम लिखा है इसके ऊपर जगत पिता श्री राम का
झंडा हनुमान का सालासर धाम का

जिसके घर में लाल ध्वजा ये फर फर कर लहराती है
उस घर में फिर सारी खुशियां दौड़ी दौड़ी आती हैं
उस परिवार पे पहरा रहता वीर बलि बलवान का
झंडा हनुमान का सालासर धाम का

लाल लंगोटा हाथ में सोटा हनुमत की पहचान है
राम नाम का है मतवाला सीने में सियाराम है
राम की धुन में नाचे सोनू दीवाना इस नाम का
झंडा हनुमान का सालासर धाम का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9d%e0%a4%82%e0%a4%a1%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-sonu-singla/